




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 175 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 | मूल्य 2 रुपया




पदों के अनुसार वसूल रहे थे आवेदन की फीस...

## वेबसाइट फर्जी, वेकेंसी भी...

**भोपाल/मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरकारी विभागों की फर्जी वेबसाइट बनाकर भर्ती के नाम पर ठगी का बड़ा खेल चल रहा है। साइबर ठग अलग-अलग विभागों के नाम से मिलती-जुलती वेबसाइट बनाते हैं और फिर उन पर भर्ती निकालकर आवेदन फीस ऑनलाइन लेकर बेरोजगारों से ठगी कर रहे हैं। विभागों को जब तक इसका पता चलता है, तब तक ठग पकड़ से दूर पहुंच जाते हैं।

ताजा मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा है। ठगों ने मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाकर 2 हजार 972 पदों पर भर्ती निकाल दी और नौकरी के लिए आवेदन करने वालों से एक फॉर्म भरने के 250 से 500 रुपये तक वसूल रहे थे। भोपाल के डीसीपी जोन-2 संजय अग्रवाल का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है। करीब दो महीने पहले इसी तरह का प्रकरण लोक शिक्षण संचालनालय की फर्जी वेबसाइट बनाकर भर्ती के नाम पर साइबर ठगी को लेकर भी दर्ज किया गया था। उस मामले की जांच भोपाल क्राइम ब्रांच के पास है।

पिछले दिनों आयुष विभाग ने 16 अलग-अलग पदों पर भर्ती निकाली थी। इसी बीच साइबर ठगों ने आयुष विभाग के नाम से मिलती-जुलती साइट बनाकर सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर पेज बनाए और फर्जी साइट को प्रमोट करने लगे। भर्ती में स्टोर मैनेजर के 528, सहायक स्टोर मैनेजर के 988 और डाटा एंट्री ऑपरेटर के 1456 पदों के लिए आवेदन मांगे गए। इसमें स्टोर मैनेजर की नौकरी के आवेदन के लिए 500 रुपये फीस थी। जबकि, अन्य दो पदों के लिए 250 रुपये वसूले जा रहे थे।

### दिल्ली में मिली लोकेशन, नहीं गई पुलिस...

अक्टूबर 2022 में साइबर ठगों ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय की फर्जी वेबसाइट बनाकर 67 हजार 854 पदों पर अलग-अलग विषय के शिक्षकों की भर्ती निकाल दी थी। वे एक फार्म के 990 रुपये वसूल रहे थे। जानकारी मिलने पर लोक शिक्षण संचालनालय के तत्कालीन संचालक अभय वर्मा ने नवंबर 2022 में इसकी शिकायत राज्य साइबर पुलिस से की थी। कुछ समय बाद वहां से शिकायत को क्राइम ब्रांच ट्रांसफर कर दिया गया था। लंबी जांच के बाद आखिरकार 09 फरवरी 2025 को पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। मामले की जांच कर रहे एसआई सूरज रंधावा ने बताया कि अब तक फर्जी वेबसाइट बनाने वाले आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली थी। लेकिन, पुलिस टीम अब तक उसे पकड़ने नहीं गई है।

# प्रशासन का प्रयास, स्कूलों की जुगलबंदी..!

## साढ़े तीन हजार की किताबों से सीखा रहे एबीसीडी

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। पुस्तक मेला लगाकर प्रशासन ने प्रकाशकों, स्कूल संचालकों और पुस्तक विक्रेताओं की जुगलबंदी पर लगाम लगाने का एक बेहतरीन प्रयास किया है। लेकिन, स्कूल वालों ने पहले ही इसके लिए गली निकाल ली थी। सत्र शुरु होने से पहले ही प्रकाशकों से पूरी सेटिंग हो चुकी थी। यही कारण रहा कि कलेक्टर के पूरे प्रयासों के बाद भी अभिभावकों को राहत नहीं मिल पाई। इसका कारण है कि प्रकाशकों से सेटिंग कर पहले ही महंगी किताबों की डील हो चुकी थी। आलम यह है कि तरीके से मम्मी-पापा नहीं बोल पाने वाले बच्चे को भी कुछ निजी स्कूल वाले साढ़े तीन हजार रुपए की किताबों से एबीसीडी सीखा रहे हैं। मतलब केजी या पहली कक्षा का कोर्स ही तीन से साढ़े तीन हजार रुपए का अभिभावकों को खरीदना मजबूरी बन गया। पुस्तक मेले में प्रिंट रेट पर बीस प्रतिशत डिस्काउंट जरुर मिला। लेकिन, पहले ही किताबों का प्रिंट रेट आसमान छूने वाला था। बता दे कि जबलपुर के बाद भिंड में प्रशासन ने इस जुगलबंदी को तोड़ने के लिए जबरदस्त कदम उठाया है। प्रशासन ने एक से आठवीं तक के किताबों के रेट खुद ही तय कर दिए है। मतलब केवल पांच सौ से लेकर बारह सौ रुपए से ज्यादा की किताबें ही अभिभावकों को वहां खरीदना पड़ेगी।**

01 अप्रैल से स्कूल 100 फीसदी क्षमता के साथ खुल चुके हैं। जिसके चलते निजी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के लिए अभिभावकों को मोटी फीस के साथ महंगी किताबें और ड्रेस आदि की समस्या से भी जूझना पड़ रहा। शासन के निर्देशों के बावजूद भी निजी स्कूलों की किताबें केवल निश्चित दुकानों पर ही उपलब्ध हैं। जबकि, केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को शहर की किसी भी स्टेशनरी पर किताबें मिल जाती है। इस अंतर को समझने के लिए जब 'गुरु एक्सप्रेस' की टीम ने पूरे मामले की पड़ताल की तो सामने आया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन में केवल एनसीईआरटी की किताबें इस्तेमाल की जाती है। उदाहरण के तौर पर केवी के विद्यार्थियों को पहली कक्षा की किताबें महज 500 रुपए में उपलब्ध हैं। जबकि, निजी स्कूलों में इसी कक्षा की किताबें 3500 रुपए तक की बेची जा रही हैं। इसकी वजह है निजी स्कूल की दिल्ली के प्रकाशकों से सांठगांठ। निजी स्कूल विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की किताबों की जगह दिल्ली के प्रकाशकों की किताबें खरीदने को कहा जाता हैं, वहीं प्रकाशक अपनी किताबें केवल अनुबंधित स्टेशनरी को ही उपलब्ध कराते हैं। इस तरह प्रकाशक, निजी स्कूल और दुकानदार की सांठगांठ से हर साल हजारों अभिभावक ठगी का शिकार हो रहे हैं।

### दिल्ली में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के निर्देश...

दिल्ली सरकार ने वर्ष 2021 में प्रदेश के सभी निजी स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबें ही इस्तेमाल करने के निर्देश जारी किए हैं। इससे न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पाठ्यक्रम में समानता मिलेगी, बल्कि बस्ते का वजन भी कम होगा। लेकिन, प्रदेश में फिलहाल इस विषय पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### पुस्तक मेला: लेना है तो कॉपियां भी लेना होगी...

पहले बाजार की स्थिति की बात करें तो स्टेशनरी की दुकान से मिले एक पर्चे में पहली कक्षा के विद्यार्थी के लिए एक दर्जन कॉपी-किताबें दी गईं। करीब छह किताबें और छह कॉपियां कॉपियां शामिल थी। 16 किताबों की कीमत 2810 रुपए लगाई गई। इसके अलावा अभिभावक को कलर, कवर आदि थमाकर कुल 3369 रुपए देने को कहा। इतना ही नहीं जब अभिभावक ने दुकानदार से पक्का बिल मांगा तो दुकानदार बोला किताबों में पहले से टैक्स कटा है और मैंने किताबों की लिस्ट बनाकर दी है। इसका पक्का बिल नहीं दिया जाता। एक अभिभावक ने पहली कक्षा की ईवीएस विषय की एक किताब मांगी तो दुकानदार ने एक किताब देने से मना कर दिया। बोला आपको पूरा सेट ही लेना पड़ेगा। इतना ही नहीं किताबों के साथ कॉपी, रोल, स्केल, पेन-पैंसिल और स्टेशनरी की अन्य सामग्री का पूरा सेट बनाकर दिया जा रहा है। अब बात करें पुस्तक मेले की तो तीन दिवसीय पुस्तक मेले में एक स्कूल की सिर्फ पुस्तकें मांगी गई। लेकिन, उस स्कूल के निर्धारित स्टेशनरी तीन -चार विक्रेताओं ने पुस्तकें देने से मना कर दिया। उनका कहना था कॉपियां भी साथ लेना होगी।



# बड़ी समस्या:आबादी क्षेत्रों में शराब दुकान से बढ़ी परेशानी

## शहर धार्मिक नगरी, शराब दुकान प्रतिबंधित, तो ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी से भेदभाव क्यों..?

**राजू सोनी**

नाहरगढ़, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश की जनहितेषी सरकार आबादी क्षेत्र से शराब ठेके हटाने को लेकर बड़ा निर्णय क्यों नहीं ले पा रही है। जबकि, धार्मिक नगरों से शराब दुकानें हटवाकर जनहित में स्पष्ट संदेश दिया है। पर, ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय क्यों.? आबादी क्षेत्र में शराब दुकान जनता की छाती पर क्यों थोपी गई, यह बड़ा प्रश्न इन दिनो चर्चा का विषय बना हुआ हैं। जिले में विभिन्न ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संचालित हो रही शराब दुकानो के कारण आम लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। खासकर महिलाओं और युवतियों के लिए आबादी क्षेत्र की यह शराब दुकानें अपमान का कारण भी बन रही हैं। कई इलाकों में मुख्य मार्ग पर शराब दुकान होने के कारण महिलाओं और युवतियों का गुजरना भी मुश्किल होने लगता है..? क्योंकि शराबियों के द्वारा की जाने वाली छींटाकशी और उनके जमघट लगने से तथा कई बार तो शराब दुकान के सामने ही या आसपास में जाम छलकाने से असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो जाता है।

इसी कड़ी में नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में मौजूद शराब ठेके नाहरगढ़, बिल्लौद, जग्गाखेड़ी, कोटड़ा बहादुर, विशनिया, क्यामपुर आबादी क्षेत्र में संचालित हो रहे है। इन पर प्रशासन मेहरबान क्यों है? जैसे आबादी इलाके से लगे क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों को लेकर प्रशासन से शिकायत की गई थी कि शराब दुकानों को यहां से हटाकर गैर आबादी क्षेत्र में संचालित किया जाय। इस संबंध में क्षेत्र की महिलाओं व शांति पसन्द लोगों ने विधायक, सांसद, आबकारी विभाग, पुलिस थाना, राजनीतिक दलो के पदाधिकारियों से भी आग्रह किया है कि वह इस मामले में आवश्यक पहल करें। लेकिन, आज तक आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ।




आबादी क्षेत्र में संचालित शराब दुकान वहां के व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों के लिए भी सिरदर्द बनी हुई है। व्यापारी भीतर ही भीतर उद्वेलित जरूर हैं। लेकिन, अपना आक्रोश व्यावसायिक कारणों से प्रकट नहीं कर पा रहे हैं। इनकी लंबे समय से मांग है कि यहां से शराब दुकान हटाया जाना चाहिए। क्योंकि, इसके कारण उनके व्यापार पर काफी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। शराब दुकान के सामने और आसपास संचालित दुकानों में महिलाएं आने से कतराती हैं। आने-जाने में असुविधा होती है। शराब खरीदने के लिए आने वाले कई लोग अभद्र टिप्पणी और गाली गलौज से एक दूसरे से बात करते हैं,सम्बोधित करते हैं। जिससे कई बार माहौल असामान्य हो चुका है। इनकी छींटाकशी के कारण विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है और एक-दो शराबियों की तो पिटाई भी की गई है। हालांकि, इस तरह के मामले पुलिस तक नहीं पहुंचे हैं। लेकिन, शराब दुकान को हटाने की मांग लगातार बनी हुई है। व्यापारियों सहित आम लोगों का कहना है कि इस तरह से नगर के बीच शराब दुकानों का संचालन होना ही नहीं चाहिए। देखना हैं कि जनहितैषी सरकार में सर्वोच्च पद पर बैठे जिम्मेदार, आबकारी मंत्री, विधायक, सांसद ओर प्रशासनिक अधिकारी जनहित में निर्णय लेकर तुरंत शराब के ठेके हटाएंगे या फिर भाईचारा निभाकर जनता के विपरीत अपनी हठ धर्मिता कायम रखेंगे.?



### खाली जमीन पर कचरे में लगी आग, बीएसएनएल का सामान जला

**मंदसौर शहर के अफीम गोदाम रोड स्थित छात्रावास व बीएसएनल कालोनी के बीच स्थित खाली भूमि पर जमा कचरे में गुरुवार दोपहर आग लग गई। आग बढ़ने से पास ही रखी बीएसएनल की सामग्री भी आग की चपेट में आ गई हालाकि आग में अभी तक नुकसानी का आकलन नहीं हुआ है। फायर फाइटर से आग पर काबू पाया गया।**

## घर में घुसे चार बदमाश, गहने-नकदी ले गए

**नीमच, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मेहनोत नगर में कमलेश सिंह कठेहरिया अपने परिवार के साथ बीती 06 अप्रैल को इलाज के लिए अहमदाबाद गए थे। इसी दौरान रात में 04 बदमाशों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बुधवार को परिवार के लोगों ने मोबाइल में सीसीटीवी फुटेज देखी। जिसमें बदमाश कैद हो गए। 04 बदमाशो ने घर में घुसकर दो कमरों की 04 अलमारियों के ताले तोड़े।



प्रारंभिक जांच में लाखों की नगदी और आभूषण चोरी होने की आशंका है। हालांकि, वास्तविक नुकसान का पता मकान मालिक के अहमदाबाद अस्पताल से लौटने पर ही चल पाएगा। घटना की जानकारी बुधवार शाम को मकान मालिक के भतीजे प्रस्तुत कठेहरिया को मिली। उन्होंने तुरंत नीमच सिटी पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की और मामले की छानबीन शुरू कर दी। रहवासियों के अनुसार, इन दिनों क्षेत्र में चोर काफी सक्रिय हैं और सूने मकानों को निशाना बना रहे हैं।



## पिकअप में चार गौवंश ले जाते दो गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिकअप में 4 गौवंश भरकर ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने महू-नीमच मार्ग पर मल्हारगढ़ की ओर से आ रही पिकअप (एमपी 20 ईएल 5145) को पिपलिया में यात्री प्रतीक्षालय के यहां रोका, तलाशी के दौरान उसमें 4 गौवंश क्रूरतापूर्वक ठूंसकर भरे होना पाए। कार्यकर्ताओं ने उक्त पिकअप को पुलिस के सुपुर्द किया। मामले में पुलिस ने टीलाखेड़ा निवासी शुभम सुथार की रिपोर्ट पर पिकअप ड्राइवर पिशोर (औरंगाबाद) निवासी शुभम (30) पिता गिरदावर राजपूत व उसके साथ बैठे गंगाधार (45) पिता भाउसाहेब जादव को गिरफ्तार कर पिकअप जब्त कर गौवंश को गौशाला भिजवाया।

## पांच हजार के ईनामी बदमाश इरफान को पुलिस ने दबोचा

**पिपलिया मंडी, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट और अपहरण के मामले में फरार ईनामी बदमाश इरफान को पिपलियामंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 26 मई 2024 को तालिब पिता नारु निवासी बोतलगंज के साथ शेरू पिता फारूख झोपडी उम्र 26, फारूख पिता कासम झोपडी उम्र 53 साल, अरशद पिता फारूख झोपडी उम्र 30 साल, इरफान उर्फ अरफान पिता फारूख झोपडी सभी निवासी मुल्तानपुरा एवं आरिफ पिता मुंशी पटेल उम्र 33 साल निवासी बोतलगंज द्वारा मारपीट की गई। इसके बाद बाईक पर अपहरण कर ले गए।



मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। आरोपी इरफान उर्फ अरफान पिता फारूख झोपडी निवासी मुल्तानपुरा घटना दिनांक से अपने निवास पते से फरार होना पाया गया था। पूर्व में उक्त फरार आरोपी की तलाश कई बार उसके निवास पते एवं रिश्तेदारी में की गई। परन्तु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस कप्तान मंदसौर अभिषेक आनंद द्वारा उक्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये की ईनामी उद्घोषणा जारी की गई थी। पिपलियामंडी पुलिस ने इरफान को आखिर गिरफ्तार कर लिया है।

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को भारत का कड़ा जवाब, अमेरिका का दबाव कब तक सहेंगे..?

**मंदसौर/उज्जैन, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से लगातार भारत की साख और खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हमारी सरकार अभी आंकड़े उजागर करने से गुरेज कर रही है। किन्तु, वित्त और विदेश नीति के जानकारों का अंदाज है कि हजारों करोड डॉलर राजस्व का नुकसान होने जा रहा है। एक तरफ अमेरिका हमारी आय और साख पर चोट पहुंचा रहा है तो दूसरी तरफ हमारे पड़ोसी छोटे राष्ट्र भी अब हमें सार्वजनिक चुनौती देने लगे हैं। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश में से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के घोषित मुखिया मोहम्मद यूनुस ने चीन जाकर हमारी सीमा पर बह रही सेवन सिस्टर नाम से परिचित नदियों से लगे व्यावसायिक समुद्री रास्ते के व्यापार के लिए हमारी सीमा के करीब चीन को निमंत्रण दे दिया है कि इस क्षेत्र से आसपास के राष्ट्रों में व्यापार को बढ़ाया जा सकता है। जबकि, इन सेवेन सिस्टर नदियों का पालक राष्ट्र भारत है। इसे मोहम्मद यूनुस की हिमाकत ही माना जा रहा है कि प्रभुत्व भारत का पर व्यावसायिक उपयोग बांग्लादेश और चीन करेंगे!



चन्द्रमोहन भगत

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद से ही वहां भारत विरोधी वातावरण का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है। जबकि, बांग्लादेश की विश्व पटल पर उत्पत्ति भारत ने ही कराई है। बांग्लादेश की 4 हजार 427 किलोमीटर सीमा में से 4096 किलोमीटर भारत की सीमा से मिलती हुई है। एक माह पहले भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सीमा पर बीएसएफ को तारों की बाढ़ लगाने से रोक दिया था। जो की 2010 से लगाई जा रही थी और सिर्फ 885 किलोमीटर लगाना बाकी था। यूनुस सरकार की ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भारत सरकार ने कड़ा कदम उठाते हुए (सीबीएसई) सेंट्रल बोर्ड आफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम ने बांग्लादेश से लगी भारतीय जल सीमा पर चलने वाले बांग्लादेश के चांद शिपमेंट व्यापार पर रोक लगा दी है। यह सुविधा बांग्लादेश को 2010 से दी जा रही थी। एपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेकरी ने इसे सही ठहराते हुए कहा कि बांग्लादेश से प्रतिदिन 25 से 30 ट्रक वस्त्रों का व्यवसाय सड़क मार्ग और हवाई जहाज पर भारतीय व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था।

इधर अमेरिका भारत पर निर्यात टैक्स की दरें घटाने को मजबूर कर रहा है रहा है और आयात करने वाले सामानों पर टैक्स बढ़ाते जा रहा है। भारत बगैर शुल्क लगाए 12.5 बिलियन डॉलर की दवाई बेचता है। जबकि, अमेरिका से आने वाली दवाइयों पर 10.19 प्रतिशत शुल्क देना पड़ता है। इसी तरह भारत को गूगल का भी 343 करोड़ टैक्स माफ करना भारतीय खजाने को नुकसान पहुंचा गया है। इसके अलावा यह दबाव भी बनाया जा रहा है कि खाद्य तेल, कच्चा तेल, तकनीकी अनुसंधान में लगने वाले पदार्थ, केमिकल एजेंट, स्टील आदि अमेरिका से उसकी मनचाही दर पर ज्यादा टैक्स देकर भारत खरीदें। अमेरिका की इस तरह की हरकतों का भारत ने अभी तक विरोध करना तो दूर बढ़ाए गए टैक्सों को कम करने के लिए दबाव तक नहीं बनाया है।

ट्रंप की नए टैक्स लगाने की कार्यप्रणाली का खुद अमेरिका में भी विरोध होना शुरू हो गया है। चीन तो अमेरिका से व्यापार युद्ध के साथ सैन्य युद्ध के लिए भी तैयार होने का दावा कर रहा है। यूरोपीय संघ के कई छोटे राष्ट्र भी अमेरिका का खुला विरोध कर रहे हैं। इस कारण वैश्विक व्यापार जगत में हमारी साख को ही कमतर आंका जा रहा है।





# रामभक्त हनुमान की भक्ति में झूमे धर्मालुजन, संगीतमय सुंदरकांड से हुआ हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर हरिभक्त मण्डल उज्जैन द्वारा प्रस्तुत संगीतमय सुंदरकांड के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव का श्री गणेश हुआ। इस दौरान मंदिर का आकर्षक रूप से सजाया गया व भगवान बड़े बालाजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया।

उज्जैन के प्रसिद्ध कथावाचक हरिओम उपाध्याय के मुखारविंद से प्रात: 11 बजे शुरू हुआ संगीतमय सुंदरकांड सायंकाल तक चलता रहा। भगवान राम व हनुमान के भजनों पर भक्त भक्ति में खूब झूमे। इस आयोजन के दौरान जो भी भक्त मंदिर आया वह सुंदरकांड की चौपाइयों में रम गया। भगवान बालाजी के अनुपम श्रृंगार के दर्शनार्थ भी दिन भर भक्तों की भीड़ उमड़ी। सायंकाल सुंदरकांड के पश्चात् महाआरती हुई व प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्ज्नलाल खमेसरा, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ॐ शांति), नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बैटरी, विनोद रूनवाल सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे।

**कल 251 दीपक से होगी बालाजी की शाही महाआरती–** मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हनुमान जयंती के दिन कल 12 अप्रैल शनिवार को सायं 7.30 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और भव्य रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। दिनांक 20 अप्रैल, रविवार प्रात: 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा मंदिर प्रांगण में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व 26 अप्रैल शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

# सेंट जोसेफ कान्वेंट प्रबंधन ने बिना अनुमति काट डाले हरे-भरे पेड़

## अभाविप ने किया चक्काजाम, महापौर प्रहलाद पटेल ने जमकर फटकारा कॉन्वेंट के प्राचार्य को

**रतलाम, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित सेंट जोसेफ कान्वेंट का प्रबंधन अपने आप को देश के नियम कानूनों से ऊपर मानता है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर और चिंता व्यक्त की जा रही है और इसी के चलते वृक्ष काटने पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाया गया है। लेकिन अपने आपको कानून से ऊपर समझने वाले कान्वेंट प्रबंधन ने स्कुल परिसर से सटे हरे भरे वृक्षों को बिना अनुमति कटवा डाला। मामले की जानकारी मिलते ही अभाविप के कार्यकर्ताओ ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे महापौर प्रहलाद पटेल ने कान्वेंट की प्राचार्य को जमकर फटकारा और इस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने की बात कही।

कान्वेंट प्रबंधन ने गुरुवार सुबह स्कुल परिसर के भीतर लगे हरे भरे पेड़ो को कटवाना शुरू किया था। इस बात की जानकारी जैसे ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओ को लगी बड़ी संख्या में परिषद् के कार्यकर्त्ता कान्वेंट स्कुल के सामने इकट्ठे हो गए और स्कुल प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर छात्रों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। छात्रों द्वारा चक्काजाम किये जाने की सुचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मामले की जानकारी जब महापौर प्रहलाद पटेल को मिली तो वे भी मौके पर पहुंच गए। स्कुल परिसर के पास बरगद के हरे भरे पेड़ो को कटा हुआ देखकर महापौर श्री पटेल भड़क गए और उन्होंने स्कुल प्राचार्य को जमकर फटकारा। महापौर श्री पटेल ने कहा कि गर्मी के मामले में रतलाम पुरे देश में दसवे नंबर पर है और यहाँ जानलेवा गर्मी पड़ रही है,ऐसे में कान्वेंट स्कुल वाले बरगद का हरा भरा पेड़ काट रहे है। ये तो बहुत बड़ा पाप है। श्री पटेल ने स्कुल प्रबंधन पर एक लाख रु जुरमाना लगाने और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। महापौर ने पेड़ काटने के मामले में पंचनामा भी तैयार करने को कहा। स्कुल प्रबंधन द्वारा वाहनों को स्कुल से बाहर सार्वजनिक सड़क पर लगाए जाने पर भी महापौर ने कड़ा रवैया अपनाया। उन्होंने स्कुल की प्राचार्य को साफ शब्दों में कहा कि सड़क पर वाहन खड़े नहीं होने चाहिए। सभी वाहन स्कुल परिसर के भीतर खड़े करवाए जाने चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि यदि वाहन बाहर सड़क पर दिखाई दिए तो इस मामले में भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**खुद को कानून से ऊपर मानते है कान्वेंट वाले–** सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कुल प्रबंधन खुद को कायदे कानून से ऊपर समझता रहा है। ईसाई मिशनरी द्वारा चलाये जाने वाले इस स्कुल को बरसो तक विशेष दरजे वाला स्कुल माना जाता था। ज़माने भर की गड़बड़ियों और नियमो के उल्लंघन के बावजूद अधिकारियो की हिम्मत नहीं होती थी कि इस स्कुल के खिलाफ कोई कार्यवाही कर सके। वैसे भी शहर के कई प्रभावशाली व्यक्तियों और अधिकारियो के बच्चे इसी स्कुल में पढ़ते है इस वजह से भी कान्वेंट प्रबंधन खुद को नियम कानूनों से ऊपर ही मानता है। यही कारण है कि स्कुल प्रबंधन ने पेड़ काटने के लिए अनुमति लेने की कोई जरुरत नहीं समझी और बेहिचक पेड़ कटवा दिए।



# धूमधाम से मनी महावीर जयंती, चल समारोह निकला

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जैन समाज के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिला मुख्यालय सहित अंचल में भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर सकल जैन समाज द्वारा चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवक-युवतियां शामिल हुए। बेंड बाजो के साथ निकले चल समारोह में युवक-युवतियों ने जैन भजनो पर नृत्य किया। भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ पूरा शहर गूंजायमान हो गया।**

समारोह में पुरुषो ने सफेद कुर्ता तो महिलाओं ने केसरिया वस्त्र पहने। चल समारोह जीवागंज स्थित राजेंद्र विलास से शुरु हुआ। इसके बाद संजय गांधी उद्यान पहुंचा। यहां स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। वहीं जिले के दलौदा, पिपलियामंडी, मल्हारगढ़, गरोठ, सीतामऊ, सुवासरा शामगढ़, भानपुरा, गरोठ में भी चल समारोह और धार्मिक आयोजन हुए।

# पूर्व मंत्री व जिला कांग्रेस प्रभारी जयवर्धन सिंह 13 को मंदसौर जिले में



**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस पार्टी संगठन को लेकर पार्टी के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं से परिचर्चा,बैठक ले कर कई सामाजिक आयोजन में पूर्व मंत्री व जिला कांग्रेस प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह दिनांक 13 अप्रैल 2025 रविवार को शामिल होंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने आगे बताया कि श्री जयवर्धन सिंह, पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन, मंदसौर जावरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे श्री दिलीप सिंह गुर्जर,जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन सभी नेतागण 13 अप्रैल 2025 रविवार को मंदसौर विधानसभा के सोनगिरी गांव में मेव समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में सम्मिलित होंगे। व मंदसौर शहर में श्रीकृष्ण ग्वाला गवली यादव समाज मंदसौर द्वारा आयोजित सामूहिक गंगा पूजन व चल समारोह में शामिल होंगे। वही श्री जयवर्धन सिंह व सभी नेतागण जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला समन्वय समिति की बैठक में सम्मिलित होंगे। इस अवसर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जन सभी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी,ब्लॉक के पदाधिकारी, महिला,मोर्चा संगठन, मंडलम, सेक्टर व कार्यकर्ता इस अवसर पर अपनी सहभागिता करेंगे।

# नपाध्यक्ष ने किया सड़क कार्य का निरीक्षण



**नीमच, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत गुरुवार 10 अप्रैल को महावीर जयंती के दिन नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा नपा अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 11 में उत्कृष्ट विद्यालय के सामने चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। श्रीमती चोपड़ा ने 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित 400 मीटर लंबी व सवा 6 मीटर चौड़ी सड़क का निरीक्षण करने के साथ ही ठेकेदार को कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नपा सभापति श्रीमती कुसुम अशोक जोशी, वार्ड पार्षद श्री भारत सिंह अहीर, नपा इंजीनियर श्री अंबालाल मेघवाल , श्री अब्दुल नईम, पत्रकार श्री विवेक खंडेलवाल व बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक भी नपा अध्यक्ष के साथ थे।

**विद्यालय स्टाफ एवं क्षेत्र वासियों ने किया नपाअध्यक्ष का सम्मान –** वार्ड क्रमांक 11 में उत्कृष्ट विद्यालय के सामने वाले मार्ग की सड़क का कार्य होने पर उत्कृष्ट विद्यालय स्टाफ एवं क्षेत्र वासियों ने नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा का केसरिया दुपट्टा एवं मोतियों की माला से सम्मान किया। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के श्री अनिल व्यास, अरविंद वर्मा, नीरज गुप्ता, अंतिमबाला भंसाली तथा क्षेत्र में निवासरत कृषि अधिकारी श्री भगवान सिंह अर्गल, श्री संग्राम सिंह चाहर, श्री प्रकाश रावल, श्री पुष्कर नागदा, श्री ज्ञानेंद्र लल्ला, श्री कपिल जोशी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि शहर का विकास करना एवं जनता की समस्याओं का निदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। जब भी हम कोई अच्छा कार्य करते हैं तो हमारे मन को काफी सुकून महसूस होता है श्र श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि इस सड़क निर्माण से स्कूल के छात्र-छात्राओं और क्षेत्र वासियों को काफी सुविधा होगी एवं नागरिकों को गंदगी से निजात मिलेगी।

# चिंताहरण बालाजी आश्रम पर 56 भोग का आयोजन

**मनासा, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर के कचोली रोड स्थित चिताहरण बालाजी आश्रम पर छप्पन भोग का आयोजन रखा गया है। नगर में कचोली रोड चिंताहरण हनुमान आश्रम मंदिर पर हनुमान महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।



हनुमान जी का चांदी मुकुट एवं वर्क एवं आकर्षक नवीन वस्त्र आभूषण से भव्य श्रृंगार किया। जाएगा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ 56 भोग लगाया जाएगा हनुमान जी की विशिष्ट आरती उतारी जाएगी

**हनुमान जयंती पर 2100 किलो प्रसादी का वितरण किया जाएगा–** श्री चिंता हरण हनुमान जी के दरबार में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महामारी एवं सुख शांति की कामना की जाएगी। भक्तों ने हनुमान अष्टक यज्ञ में अपनी अपनी सहभागिता दी। छप्पन भोग का आयोजन शनिवार की शाम को किया जाएगा भक्तों द्वारा भजन सत्संग का आनंद लिया जाएगा मां बिहार कॉलोनी वासियों और भक्त मंडली इस आयोजन को बड़े हर्ष उत्सव के साथ मनाते हैं। मनासा नगर की धर्म प्रेमी जनता कचोरी रोड स्थित हनुमान जी मंदिर पर आकर छप्पन भोग का आनंद लेवे।

# मोबाइल पर गाना सुनने पर पीटा, दम्पति सहित 03 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मोबाइल पर गाना सुनने पर महिला के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति सहित तीन पर केस दर्ज किया। सूरी निवासी गुड्डीबाई पति दशरथ मोगिया ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बेटी वर्षा मोबाइल पर गाने सुन रही थी मैं कपड़े धो रही थी, इसी दौरान मेरे जेठ भारतलाल का बेटा नीलेश व उसकी पत्नी रुकमणबाई आए और बोले कि गाना क्यों सुन रहे हो, गाली-गलौज कर मारपीट की व लकड़ी से मारा, इस दौरान पार्वतीबाई भी आ आ गई, उसने भी मारपीट की। पुलिस ने नीलेश उसकी पत्नी रुकमणबाई व पार्वतीबाई पर केस दर्ज किया।

# श्री हनुमन्त प्राकट्य महोत्सव पर गीता भवन में हनुमन्त सहस्त्रनाम यज्ञ

## जन्म आरती प्रात: 6 बजे, सहस्त्रनाम यज्ञ 10 बजे, पूर्णाहुती 12 बजे

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर अन्तं. रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रधान पीठाधीश्वर एवं गीता भवन ट्रस्ट के परम संरक्षक एवं वरिष्ठट्रस्टी स्वामी श्री रामदयालजी महाराज के मार्गदर्शन में एवं धर्मधाम गीता भवन के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के सानिध्य में 12 अप्रैल शनिवार को गीता भवन में गीतेश्वर बालाजी की 6 बजे जन्म आरती, प्रात: 10 बजे से श्री हनुमन्त सहस्त्रनाम यज्ञ से 12 बजे पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण, दिन में 3 बजे से मातृशक्ति द्वारा सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ का दिव्य आयोजन होगा। समस्त धर्मप्रेमी सज्जन, माता बहने, क्षेत्रवासी भजन संकीर्तन व आयोजन में भाग लें।



गीता भवन ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक ट्रस्टी श्री नरेन्द्र नाहटा, धीरेन्द्र त्रिवेदी एडवोकेट, पदाधिकारी जगदीश चौधरी, अशोक त्रिपाठी, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, सत्यनारायण पलोड़ सहित विशेष आमंत्रित सदस्य ब्रजेश जोशी, डॉ. घनश्याम बटवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, लोकेश पालीवाल, प्रहलाद काबरा, सूरज गर्ग चाचा, राजेन्द्रसिंह अखावत, हरिसिंह राजपुरोहित, भगवानदास विजयवर्गीय, डॉ. दिनेश तिवारी, कुलदीपसिंह पंवार, भागीरथ चारण, शुभम उपाध्याय, प्रेमजी वाच, डॉ. प्रवीण गुप्ता, कन्हैयालाल सोनगरा सहित मातृशक्ति ज्योतिषज्ञ दीदी लाड़कुंवर जी के नेतृत्व में गीता भवन महिला सत्संग मण्डल, गीता पाठ समिति, सुंदरकांड समिति तथा भजन मण्डल समिति की माता बहने भाग लेंगी। विधायक श्री विपिन जैन सहित जनप्रतिनिधि आयोजनों में भाग लेंगे। मातृशक्ति सामूहिक सुंदरकांड में अधिक से अधिक भाग लें।

# आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**मनासा, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आयुष अधिकारी डॉ आशीष जी बोराना के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) ढाकनी पर होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ हैनिमैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ हैनिमैन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में डॉ भरत कुमार पाटीदार और श्याम लाल मालवीय द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। साथ ही चिकित्सा शिविर में आने वाले लोगो को योग, आहार, स्वास्थ्य आदि की जानकारी दी गई।



# आचार्य रामानुज जी आज आएंगे

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री बालाजी के परम भक्त आचार्य श्री रामानुज जी महाराज राजकोट हनुमान जयंती पर हमेशा मंदसौर में रहते हैं। परम्परा अनुसार आचार्य श्री रामानुज जी हनुमान जयंती के एक दिवस पूर्व आज 11 अप्रैल शुक्रवार को संध्या 6:00 बजे मंदसौर में आ रहे है।

इस आशय की जानकारी देते हुए आचार्य श्री के भक्त श्री रमाशंकर शर्मा ने बताया कि आचार्य श्री आज शुक्रवार को संध्या 6 बजे से उनके निवास स्थान जनता कॉलोनी पर भक्तों से मिलेंगे।

# पंप कर्मचारी ने डीजल कम भरा..! बोला तो युवक को पीटा

**पिपलियामंडी, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पंप पर डीजल कम भरने पर पंप कर्मचारी से बोला तो युवक से मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। सिंदपन निवासी लालसिंह पिता लक्ष्मणसिंह सौधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा बेटा भोला ढाबला स्थित एचपी पंप पर डीजल भराने गया था। 3000 का डीजल भरने की बोला तो कर्मचारी जेतराम परिहार ने कम डीजल भर दिया। कम डीजल भरने की बोला तो जेतराम ने गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर लेकर मारने दौड़ा। पुलिस ने पंप कर्मचारी जेतराम पर केस दर्ज किया।



## तारों, सितारों को करीब से देखने का रोमांच...

# बच्चों ने समझी अंतरिक्ष की दुनिया

**मंदसौर, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था लोटस वैली स्कूल मंदसौर में आर्यभट्ट फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से तीन दिवसीय एस्ट्रोनॉमी कैंप का आयोजन हुआ। कक्षा 2 से 12 वीं तक के बच्चों को इस कैंप में तारामंडल की जानकारी दी गई और विभिन्न प्रकार के उपकरणों के सहारे बच्चों ने आसमान की दुनिया को करीब से देखा और उनके बारे में जाना। विद्यार्थियों ने खगोल विज्ञान से जुड़ी रोमांचक जानकारियों को समझा।

बच्चों ने आसमान में तारों की स्थिति, ग्रह, नक्षत्रों, उपग्रहों आदि की गति, क्रम सहित विभिन्न आयामों के बारे में रोचक जानकारियां इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त की। साथ ही रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, सौर मंडल, वैज्ञानिक यात्राओं जैसी प्रेरणास्पद जानकारियां भी बच्चों को मिली। आर्यभट्ट फाउंडेशन के वैज्ञानिकों ने बच्चों से संवाद कर उनके प्रश्नों और जिज्ञासाओं के भी उत्तर दिए। यह कार्यक्रम बच्चों को शैक्षणिक जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन्हें उत्साहित, रोमांचित और आनंदित करने वाला भी रहा। कार्यक्रम संयोजक और वाइस प्रिंसिपल श्री आलोक वर्मा ने आर्यभट्ट फाउंडेशन के वैज्ञानिकों का स्वागत कर आभार प्रकट किया।

# गाय आधारित उद्योगों का वैश्विक परिसंघ मप्र की गतिविधियां घोषित

## गौ टेक – गौ महाकुंभ 2025 के आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर, सभी जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गाय आधारित उद्योगों के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संगठन ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ बेस्ड इंडस्ट्रीज ने मध्यप्रदेश में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा जारी कर दी है। GCCI का मूल उद्देश्य है गाय आधारित सामाजिक और आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देना, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पाद, पंचगव्य, गौ विज्ञान और ग्रामीण उद्यमिता को समर्पित गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। इसी तारतम्य में जानकारी देते हुए जीसीसीआई के मध्य प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री श्री डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया की सहमति से संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं जो स्थानीय स्तर पर गतिविधियों का संचालन करेंगे। सभी जिला अध्यक्षों की सूची निम्नानुसार है-

1. भोपाल – श्री अजय सोनी ,2. सीहोर – श्री तेज सिंह कप्तान, 3. रायसेन – श्री भगवान सिंह सिंगोरिया, 4. राजगढ – श्री श्याम सिंह राजपूत,5. विदिशा – श्री मनोज बघेल, 6. भिंड – श्री आशीष बोहरे,7. श्योपुर – श्री शशिकांत शर्मा (त्यागी),8. ग्वालियर – श्री मनोज सिंह राजपूत,9. अशोकनगर – श्री राम कुमार रघुवंशी, 10. दतिया – श्री श्यामू ठाकुर, 11. गुना – श्री भगत सिंह धाकड़ , 12. शिवपुरी – श्री विनोद राठौर, 13. इंदौर – श्री शैलेश पालीवाल, 14. धार – श्री जगदीश जाट, 15. बड़वानी – श्री चंदू कुशवाह, 16. झाबुआ – श्री राजेश सिंह चौहान, 17. खरगोन – श्री पवन पाटीदार, 18. जबलपुर – श्री रमेश तिवारी, 19. बालाघाट – श्री निरंजन बिसेन, 20. छिंदवाड़ा – श्री शिशिर विश्वकर्मा, 21. कटनी – श्री अमित गुप्ता, 22. नरसिंहपुर – श्रीमती प्रज्ञा लुणावत, 23. नर्मदापुरम – श्री गंभीर सिंह राजपूत, 24. सतना – श्री मनोज प्रताप सिंह, 25. मैहर – श्री सुधीर सोनी, 26. सीधी – श्री शैलेन्द्र सिंह बघेल, 27. सिंगरौली – श्री अमन कुमार तिवारी, 28. सागर – श्री लक्ष्मीनारायण पांडे, 29. छतरपुर – श्री राहुल गुप्ता , 30. दमोह – श्री नीलेश सिंह ठाकुर, 31. निवाड़ी – श्री राजीव गुप्ता, 32. टीकमगढ़ – श्री मुनेन्द्र सिंह सेंगर, 33. शाहडोल – श्री रविकांत त्रिपाठी, 34. अनूपपुर – श्री ज्ञानेन्द्र पांडे, 35. उज्जैन – श्री ईश्वर अम्बोदिया, 36. रतलाम – श्री प्रदीप अग्रवाल , 37. मंदसौर – श्री शैलेन्द्र तेनगरिया, 38. देवास – श्री अनिल सिंह राजपूत39. नीमच – श्री देवेंद्र खंडेलवाल (माली) , 40. शाजापुर – श्री भरत सिंह बुंदेला, 41. आगर मालवा – श्री प्रभुलाल मालवीय ,42. नागदा – श्री दीपांजय सिंह बुंदेला। श्री गुप्ता ने सभी नव मनोनीत जिलाध्यक्षों को आगामी गतिविधियों जिला स्तरीय कार्यशालाएं और सेमिनार जिसमे गौ विज्ञान, पंचगव्य उत्पाद, जैविक खेती और ग्रामीण स्टार्टअप पर जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। गौ उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय केंद्र जिसमे प्रत्येक संभाग में गौ उत्पाद मेला आयोजित होगा। ऋउउख स्टार्टअप सहायता केंद्र जिसमे युवाओं व किसानों को प्रशिक्षण, परामर्श व मार्केटिंग सहयोग मिलेगा। नीति संवाद एवं सरकारी समन्वय जिसमे सरकारों के साथ मिलकर योजनाओं का लाभ गौ आधारित उद्योगों तक पहुंचाना। सामुदायिक जनजागरूकता अभियान जिसमे गोसंरक्षण, गोपालन और गाय आधारित जीवनशैली के लाभों पर संवाद कार्यक्रम की जानकारी भी दी है।

श्री गुप्ता ने कहा कि संस्था की जयपुर में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया है कि जीसीसीआई द्वारा गौ टेक–गौ महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन 30 मई से 2 जून 2025 के मध्य विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में किया जाएगा। जिसमें गौ आधारित उद्योग न सिर्फ रोजगार और पर्यावरण का समाधान बनेंगे बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाने का माध्यम भी बनेंगे। साथ ही, गौपालकों, गौशालाओं, गौ उद्यमिता को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाना है ताकि गाय को बचाया जा सके, गौ उद्यमिता और जैविक खेती को बढ़ावा मिले। जयपुर में गौ टेक–गौ महाकुंभ 2025 को हरित क्रांति, श्वेत क्रांति के बाद गौ आधारित उद्यमिता रूपी ब्राउन क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। गौ आधारित उद्यमिता क्रांति के सूत्रपात के रूप में होने जा रहे इस वैश्विक शिखर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। जीसीसीआई द्वारा वर्ष 2023 में गुजरात के राजकोट में इस गौ टेक का आयोजन किया था, जिसे देशभर में सराहा गया था। प्रदेश अध्यक्ष श्री दिलीप धनराज गुप्ता ने कहा कि गाय आधारित उद्योगों से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि युवाओं को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वावलंबन का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं और आने वाले समय में गौ संवर्धन एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री गुप्ता ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, गौसेवकों, किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं से आह्वान किया है कि वे संस्था की गतिविधियों से जुड़कर गाय आधारित समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# कार ने मारी कार को टक्कर, एक घायल

**पिपलियामंडी, 10 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्पीड ब्रेकर पर कार सवार ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। एक घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया। हेदराबाद निवासी भंवरलाल पिता नेमाराम चोधरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में गादाना से जिला पाली जा रहा छथा। इस दौरान मल्हारगढ़ बस स्टेण्ड पर मेरी अर्टिगा कार टीएस 09 ईआर 9274 को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। कार में सवार मेरे बेटे प्रमोद को चोंट आई वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार एमपी 09 बीएस 3830 के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in